आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 24.01.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- श्री विजयपुरम में आयोजित 'जय हिंद पदयात्रा' में केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे शामिल हुईं।
- मुख्य सचिव डॉ चन्द्र भूषण कुमार ने कल वन्डूर क्षेत्र में नव–निर्मित पंचायत भवन का उद्घाटन किया।
- गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में आज फुल ड्रेस रिहर्सल का आयोजन किया जाएगा।
- एम वी कैम्पबेल–बे आज शाम चार बजे श्री विजयपुरम से विशाखापत्तनम के लिए रवाना होगा।

<><><><><><>

पूरे देश के साथ कल द्वीपसमूह में भी पराक्रम दिवस देश प्रेम की भावना के साथ मनाया गया। श्री विजयपुरम के मरीना पार्क स्थित नेताजी की प्रतिमा पर उप–राज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी ने पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर 'जय हिंद पदयात्रा' का आयोजन किया गया, जिसमें केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे शामिल हुईं। युवाओं को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री ने कहा कि नेताजी का जीवन प्रेरणा का स्रोत है।

राज्य मंत्री ने देश के युवाओं को माई भारत पोर्टल से जुड़ने का भी आग्रह किया।

नेताजी के अदम्य साहस के सम्मान में आयोजित इस कार्यक्रम में मेरा युवा भारत के पन्द्रह सौ से अधिक स्वयंसेवक शामिल हुए। पदयात्रा फ्लैग पॉइंट से शुरू होकर नेताजी स्टेडियम पर समाप्त हुई। इस उपलक्ष्य में 'सुभाष चन्द्र बोस और स्वतंत्रता आंदोलन' विषय पर विभिन्न प्रतियोगिताए भी आयोजित की गईं।

<><><><><><>

कॉग्रेस कार्यालय में भी कल नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती मनाई गई। कार्यक्म में प्रदेश कॉग्रेस अध्यक्ष रंगलाल हलदार और अन्य पार्टी कार्यकर्ताओं ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस कार्यक्म में नेताजी के महान योगदान पर प्रकाश डाला गया।

<><><><><><>

मुख्य सचिव डॉ चन्द्र भूषण कुमार ने कल वन्डूर क्षेत्र में नव–निर्मित पंचायत भवन का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने शासन और ग्रामीण विकास में पंचायती राज संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पंचायत भवन प्रशासन को लोगों के करीब लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मुख्य सचिव ने स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा और अजीविका सृजन से संबंधित योजनाओं को सक्षम करने में पंचायतों के महत्व पर ज़ोर दिया।

<><><><><><><>

गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में आज फुल ड्रेस रिहर्सल को देखते हुए यातायात व्यवस्था की गई है। 'पी' ग्रीन पार्किंग कार्ड धारक वाहनों को मरीना पार्क गेट के बच्चों का यातायात पार्क के पास पार्क करने होंगे। 'पी' पिंक पार्किंग कार्ड धारक वाहनों को स्विमिंग–पूल पार्किंग क्षेत्र में पार्क कर सकते हैं। पी–एक कार्डधारक वाहन को नेताजी स्टेडियम के भीतर और नेताजी स्टेडियम पार्किंग क्षेत्र में वाहन खड़े करने होंगे। अबरडीन बाजार से साउथ प्वाइंट की ओर से आने–जाने वाले वाहनों को मॉडल स्कूल, ए.पी.डब्लू.डी क्रॉसिंग से मुरगन मंदिर के रास्ते शादीपुर जंक्शन तक जाना होगा। भारी वाहनों और बसों को सुबह साढ़े सात बजे से साढ़े दस बजे के बीच बंगाली क्लब से गोलघर और जंगलीघाट के रास्तों का इस्तेमाल करना होगा। सुबह आठ बजे के बाद समारोह की समाप्ति और अतिथियों तथा परेड के प्रस्थान करने के बाद ही अन्य वाहनों को छोड़ा जाएगा। एम्बुलेंस तथा आपातकालीन चिकित्सा के वाहनों को जी.बी. पंत अस्पताल जाने के लिए वाई–नारायण जंक्शन और सेल्यूलर जेल के रास्ते जाने की अनुमति रहेगी। यह मार्ग अन्य वाहनों के लिए सुबह आठ बजकर पांच मिनट से आठ बजकर पैंतीस मिनट तक बंद रहेगा। जी.बी. पंत अस्पताल के भीतर मौजूद वाहनों को दस बजे तक अस्पताल के पिछले द्वार से डिगनाबाद समुद्री सी–शोर के रास्ते जाने की अनुमति होगी।

<><><><><><><>

भ्रष्टाचार निरोधक इकाई ने राजस्व विभाग के सर्वेयर एम. कृष्णा को रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया। इक्कीस जनवरी को भ्रष्टाचार निरोधक इकाई द्वारा जाल बिछाई गई और आरोपी को प्रातरापुर क्षेत्र के भूमि सीमांकन के संबंध में चालीस हज़ार रूपए के अवैध रिश्वत लेते हुए मौके पर ही पकडा गया। डॉलीगंज निवासी, तिरप्पन वार्षिय एम. कृष्णा को पैसे ज़ब्त करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम के दूरदर्शन केंद्र की ओर से आज "गर्भावस्था और उच्च रक्तचाप" विषय पर लाइव फोन–इन कार्यक्रम 'डॉक्टर्स स्पीक' का प्रसारण किया जाएगा। सर्जन लेफ्टिनेंट कमांडर डॉ. अफिया सफीर काठी विशेषज्ञ के रूप में दर्शकों के प्रश्नों का उत्तर देंगे। कार्यक्रम आज शाम साढ़े पांच बजे प्रसारित होगा। दर्शक फोन नंबर–दो चार चार सात चार पांच या दो चार पांच छः–छः दो पर डायल कर अपने प्रश्न पूछ सकते हैं।

<><><><><><><>

एम वी कैम्पबेल–बे आज शाम चार बजे श्री विजयपुरम से विशाखापत्तनम के लिए रवाना होगा। यात्रियों को जहाज़ पर चढ़ाने का कार्य दोपहर दो बजे से किया जाएगा। जहाज हैडो जेट्टी से प्रस्थान करेगा।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

पराक्रम दिवस समारोह के तहत फ्लैग प्वाइंट से पदयात्रा को केन्द्रीय मंत्री रक्षा निखिल खडसे ने हरी झण्डी दिखाई–द्वीप समाचार की बड़ी खबर है। अखबार ने मंत्री के उपराज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी से मुलाकात करने के समाचार को भी सचित्र प्रकाशित किया है। द डेली टेलीग्राम्स ने पुलिस स्थापना दिवस सप्ताह पर सांस्कृतिक संध्या और बडा खाना आयोजित करने के समाचार को अंतिम पन्ने में जगह दी है। अखबार ने राज्य सभा की याचिका संबंधी संसदीय समिति की बैठक आयोजित करने के समाचार को भी पहले पन्न के निचले भाग में जगह दी है। द इको ऑफ इंडिया ने पूर्व सांसद कुलदीप राय शर्मा द्वारा मुख्य सचिव को रटलैण्ड जल परियोजना के ओर मुख्य सचिव का ध्यान आकर्षित करने के समाचार को अपनी पहली खबर बनाया है। इंफो इंडिया अण्डमान के इतिहास और संघर्ष पर पुस्तक का लोकार्पण करने के समाचार को पहले पन्ने के मध्य में प्रकाशित किया है। अण्डमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने दक्षिण अण्डमान ज़िला उपायुक्त अर्जुन शर्मा को बेस्ट इक्ट्रोल प्रैक्टिस अवार्ड से सम्मानित करने के समाचार को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

<><><><><><><>